आज समाज 09/04/2026

प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु अंग्रेजी कौशल बढ़ाने पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन

मुख्यातिथि का बुके देकर स्वागत करते हुए।

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहबाद मारकण्डा तथा एस.एम.एस. खालसा लबाना कॉलेज, बराड़ा की छात्राओं के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं को अंग्रेजी विषय में दक्ष बनाते हुए उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर रूप से तैयार करना था। कार्यशाला के दौरान अंग्रेजी विभाग की सह-प्राध्यापिका डॉ. कमलेश कुमारी एवं सहायक प्राध्यापिका डॉ. ज्योति सौरोत ने छात्राओं को अंग्रेजी व्याकरण, शब्दावली, प्रभावी लेखन एवं पठन कौशल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही, विद्यार्थियों को परीक्षा में समय प्रबंधन, प्रश्नों को समझने की तकनीक तथा सही उत्तर चयन की रणनीतियों के बारे में भी विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षकों ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्यों के माध्यम से छात्राओं को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी भाषा पर मजबूत पकड़ न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता सुनिश्चित करती है, बल्कि करियर के विविध क्षेत्रों में नए अवसरों के द्वार भी खोलती है। छात्राओं को नियमित अभ्यास, समाचार पत्र पढ़ने तथा अंग्रेजी में संवाद करने की आदत विकसित करने की भी सलाह दी गई। जी.एम.एन. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अंग्रेजी विभाग की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में अंग्रेजी भाषा का ज्ञान व्यक्ति के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहबाद मारकण्डा की प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहन एवं उनके अंग्रेजी विभाग, साथ ही खालसा लबाना कॉलेज, बराड़ा की प्राचार्या डॉ. इंदु विज एवं उनके विभाग का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सहयोग की आशा जताई।